**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

मुख्य समाचार''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज अपने 5 दिवसीय दौरे के अन्तिम दिन शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान के एक कार्यक्रम में करेंगी शिरकत।
- प्रदेश में नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पंचायतों में चुनावों के लिए दूसरे दिन कल 535 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन–कल दो मई को भी भरे जाएंगे नामाकंन।
- बुद्ध पूर्णिमा देश सहित प्रदेशभर में धार्मिक श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई जा रही है।
- चम्बा जिला में नशा विरोधी अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा चिट्टा व अन्य मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए उठाये जा रहें है प्रभावी कदम ।
- प्रदेश के अनेक भागों में वर्षा से तापमान में भारी गिरावट दर्ज– मौसम हुआ सुहावना।

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास के आज अन्तिम दिन शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान का दौरा कर सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। आज राष्ट्रपति का दिल्ली वापिस लौटने का कार्यक्रम है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 27 अप्रैल को शिमला पहुंची थीं। इससे पहले कल शाम राष्ट्रपति ने छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में 'एट होम' का आयोजन भी किया, जिसमें कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अधिक व्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता.....

नगर निगम चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 51 शहरी निकायों के लिए जिसमें 4 नगर निगम, 47 नगर परिषदों व नगर पंचायतों में 17 मई को होने वाले चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन कल 5 सौ 35 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसमें सबसे अधिक 98 नामांकन कांगड़ा जिला में दाखिल किए गए जबकि जिला हमीरपुर में सबसे कम 27 प्रत्याश्यिों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मंडी में 77, सोलन में 76, शिमला में 63, सिरमौर 44, उना में 43, चंबा में 39, बिलासपुर जिला में 36 और कुल्लू में 32 नामांकन पत्र दाखिल किए गए है। इन चुनावों के लिए नामांकन पत्र कल दो मई को भी भरे जा सकेंगे। इससे पहले नामांकन के पहले दिन कल 155 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए थे।

बुद्ध पूर्णिमा

आज बुद्ध पूर्णिमा है। आज के दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति, और महा–परिनिर्वाण हुआ था। उन्हें बिहार के बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुद्ध पूर्णिमा पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्पति ने कहा कि भगवान बुद्ध के करुणा, अहिंसा, शांति और ज्ञान के शाश्वत संदेश संपूर्ण मानवता का मार्गदर्शन करते रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान समय में अनेक चुनौतियों का सामना कर रही दुनिया में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं सभी को शांति, सहिष्णुता और आपसी सद्भाव के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं।

इस बीच गृहमंत्री अमित शाह लद्दाख में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में शामिल होंगे। प्रदर्शनी के दौरान, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

डिस्पैच– ........................

**यूपीआई**

एकीकृत भुगतान प्रणाली–यूपीआई दुनिया के सबसे बड़े वास्तविक समय भुगतान मंच के रूप में उभरा है। यह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का आधार है। इसके शुभारंभ के एक दशक बाद, यूपीआई वैश्विक तत्काल भुगतान लेनदेन के लगभग आधे हिस्से को संचालित करता है। 11 अप्रैल, 2016 को शुरू किया गया यूपीआई आज भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का आधार है। यह वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देता है, निर्बाध व्यौपार को सक्षम बनाता है और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में वैश्विक मानक स्थापित करता है। यूपीआई ने पहले महीने में केवल 373 लेनदेन किए थे। वित्त वर्ष 2025–26 में यह बढ़कर लगभग 24 हजार एक सौ 62 करोड़ हो गई।

**नशा निवारण अभियान**

चम्बा जिला में नशा विरोधी अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने चिट्टा व अन्य मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे हैं।वहीं विशेष रूप से स्कूलों और कॉलेजों में चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। अधिक व्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट........................................

**श्रम दिवस**

आज विश्वभर के श्रमिकों को सम्मानित करने के लिए श्रम दिवस मनाया जा रहा है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन विश्व भर में आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की प्राप्ति में श्रमिकों के बलिदान को याद किया जाता है।

1886 में, अमरीका में श्रमिकों ने प्रतिदिन आठ घंटे काम करने की मांग को लेकर एक बड़ा प्रदर्शन किया जो शिकागो में हिंसक हो गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। हेमार्केट कांड के नाम

से प्रसिद्ध इस घटना ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस की शुरुआत को चिह्नित किया। 1889 में, यूरोप की कई समाजवादी पार्टियों ने पहली मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

**फैन पार्क**

चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में 2 और 3 मई को पहली बार आईपीएल फैन पार्क का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में क्रिकेट प्रेमियों को स्टेडियम जैसा अनुभव अपने ही शहर में मिलेगा। उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि पहली बार आई पी एल फैन पार्क का आयोजन चम्बा में किया जा रहा है। इस 2 दिवसीय आयोजन के दौरान चौगान में विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इस आईपीएल सीजन में कुल 50 शहरों में फैन पार्क स्थापित किए जा रहे हैं इनमें से ऐतिहासिक चंबा शहर भी शामिल है।

**आइस हॉकी**

लाहौल–स्पीति के होनहार युवा आइस हॉकी खिलाड़ी तंज़िन टशी ने एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। आइस हॉकी एशिया कप में भारत और मकाऊ के बीच खेले गए एक अहम मुकाबले में तंज़िन टशी ने अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय गोल कर  प्लेयर ऑफ द मैच" का खिताब अपने नाम किया। तंज़िन टशी की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि लाहौल–स्पीति जैसे दूरदराज़ क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

**मौसम**

प्रदेश के अनेक स्थानों पर बादलों के बीच आज  मौसम साफ बना हुआ है। वहीं कल भारी ओलावृष्टि व वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली है। शिमला, सोलन और सिरमौर सहित कई अन्य ज़िलों में ओलावृष्टि से गेहूं, जौ और मटर सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा राज्य के अन्य भागों में तेज हवाओं के साथ वर्षा हुई है। इस वर्षा व ओलावृष्टि से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा की संभावना जताई है। इसके अलावा 3 व 4 मई को अनेक स्थानों पर अंधड़ के साथ वर्षा का अलर्ट है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** का शीर्षक है–**कर्मचारियों को समय पर डी.ए न देने पर सरकार को हाईकोर्ट का नोटिस–केंद्र सरकार की तुलना में 15 फीसदी कम मंहगाई भत्ता देने का आरोप।**

**प्रदेश में 6 लाख युवा बेरोजगार, उम्रदराजों को रिटायरमेंट के बाद भी सेवा विस्तार** शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है– **आचार संहिता लगने से पहले ही बैक डेट में निकाल दिए गए आर्डर, प्रदेशभर में चर्चा।**

पंजाब केसरी की एक खबर है–**आऊटसोर्स कर्मचारी, होमगार्ड, कृषक मित्र, लंबरदार व डिपो होल्डर पंचायत चुनाव लड़ सकेंगे–आशा वार्कर का मामला विचाराधीन।**

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**चुनावों से पहले जमा करवाएं हथियार–आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाही।**

'

**'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज अपने 5 दिवसीय दौरे के अन्तिम दिन शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान के एक कार्यक्रम में करेंगी शिरकत।
- प्रदेश में नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पंचायतों में चुनावों के लिए दूसरे दिन कल 535 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन–कल दो मई को भी भरे जाएंगे नामाकंन।
- बुद्ध पूर्णिमा देश सहित प्रदेशभर में धार्मिक श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई जा रही है।
- चम्बा जिला में नशा विरोधी अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा चिट्टा व अन्य मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए उठाये जा रहें है प्रभावी कदम ।
- प्रदेश के अनेक भागों में वर्षा से तापमान में भारी गिरावट दर्ज– मौसम हुआ सुहावना।

..........................